अगर सारी पिचें इसी तरह की होंगी तो मैं एशेज श्रृंखला में ज्यादा कुछ नहीं कर पाऊंगा। पिच मेरे लिये 'क्रिप्टोनाइट' की तरह थी जिस पर कोई स्विंग नहीं थी, रिवर्स स्विंग नहीं थी, कोई सीम मूवमेंट नहीं था, कोई उछाल नहीं था और कोई तेजी नहीं थी। – जेम्स एंडरसन

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज, पहले टेस्ट की पिच की आलोचना करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर 16 साल पूरे किये जिसकी शुरुआत मुंबई के इस धुरंधर ने 20 साल की उम्र से की थी। रोहित ने 23 जून 2007 को मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की कप्तानी में आयरलैंड में वनडे मैच में पदार्पण किया था जिसमें भारत ने आसानी से जीत हासिल की थी। छत्तीस साल का यह खिलाड़ी 441 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुका है जिसमें उनके नाम 43 अंतरराष्ट्रीय शतक और 17,115 रन हैं। और अब वह अपने इस चमकदार करियर के सबसे महत्वपूर्ण दौर में हैं जिसमें वह आईसीसी ट्राफी का 10 साल का सूखा खत्म करना चाहते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तान खिलाड़ी बने।

नेपाल को हल्के में लेने की गलती नहीं करें : भारतीय मिडफील्डर सहल

बेंगलुरु, 23 जून। भारतीय मिडफील्डर सहल अब्दुल समाद ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम को शनिवार को यहां सैफ चैम्पियनशिप के ग्रुप ए मैच में नेपाल के खिलाफ सतर्क रहना होगा। केरल के 26 वर्षीय फुटबॉलर सहल ने मैच से पूर्व मीडिया कांफ्रेंस में कहा, ''हम उनसे पहले भी खेल चुके हैं। हमने उनकी वीडियो भी देखी। उनकी टीम काफी अच्छी है और वे निडर होकर खेलते हैं। भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने भी यही बात कही। स्टिमक ने कहा, ''नेपाल ने कुछ महीनों पहले अपना कोच बदला था। वह (विसेंजो अल्बर्टो एनेसे) उनके खेल में नयी चीजें लाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हम उनके बारे में नहीं सोच रहे हैं। हम अब अपने बारे में सोच रहे हैं कि हम कहां सुधार कर सकते हैं। हमें अच्छी लय जारी रखनी होगी। हालांकि स्टिमक नेपाल के खिलाफ मैच में डगआउट में नहीं होंगे क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में उन्हें लाल कार्ड दिखाया गया था जिसमें भारत ने 4-0 से जीत हासिल की थी। स्टिमक को पाकिस्तान के एक खिलाड़ी को जानबूझकर खेल से रोकने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया था। हालांकि स्टिमक को इस पर कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैंने जो भी फैसला किया, वो गर्मजोशी में नहीं किया था बल्कि मैं शांत था और जानता था कि इसके लिये सजा मिलेगी। मैं अपने खिलाड़ियों और टीम की रक्षा के लिए मैदान में था। बेहतर यही है कि उनके बजाय मुझे कार्ड मिल जाये। ''

मनिका और साथियान की जोड़ी डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के सेमीफाइनल में पहुंची

नयी दिल्ली, 23 जून। मनिका बत्रा और जी साथियान की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने ट्यूनिस में खेले जा रहे डब्ल्यूटीटी (विश्व टेबल टेनिस) कंटेंडर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को जर्मनी के सेड्रिक मीस्नर और युआन वान की जोड़ी को शिकस्त दी। भारतीय जोड़ी में 21 मिनट तक चले मुकाबले को 3-0 (11-8 11-3 11-8) से अपने नाम किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना शिन युबिन और लिम जोंगहून की कोरियाई जोड़ी से होगा। मनिका और साथियान क्रमशः महिला और पुरुष एकल के पहले दौर में ही बाहर हो गए थे। पुरुष एकल में हरमीत देसाई को शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन के लियांग यानिंग के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। लगभग 20 मिनट तक चले मैच में देसाई 5-11, 6-11, 5-11 से हार गए। उनकी हार से पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। महिला एकल में भी भारत का अभियान अयहिका मुखर्जी की हार के साथ खत्म हो गया। अयहिका को प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की मियू नागासाकी से 0-3 (5-11 9-11 10-12) से हार का सामना करना पड़ा।

हॉकी मध्यप्रदेश ने जीता जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब

राउरकेला, 23 जून। हॉकी मध्य प्रदेश ने गुरुवार को हॉकी चंडीगढ़ को 4-2 से हराकर 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। हॉकी मध्य प्रदेश की ओर से सर्वाधिक दो गोल श्रेयस धूपे ने 17वें और 46वें मिनट पर दागे जबकि मोहम्मद कोनैन डैड 25वें और अली अहमद 52वें मिनट पर शानदार गोल कर जीत की पटकथा लिख दी। हॉकी चंडीगढ़ के लिए सुमित ने नौवें और सुरिंदर सिंह 31वे मिनट पर गोल किए। हॉकी मध्य प्रदेश के कोच मंगल वैद ने कहा हमारा मकसद गेंद पर कब्जा बनाये रखना और काउंटर की तलाश करके राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करना था। राउरकेला पहुंचने से पहले हमारे खिलाड़ियों ने तालमेल बैठाने और विरोधियों पर दबाव बनाने की दिशा में काम किया। मुझे लगता है कि इससे हमें बहुत मदद मिली। भाग लेने वाली सभी टीमों में कुछ बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी थे, और मुझे लगता है कि खिताब का फैसला उस दिन प्रत्येक टीम के प्रदर्शन और भाग्य के आधार पर किया गया था। हाकी चंडीगढ़ के कोच गुरमिंदर सिंह ने कहा टीम ने पूरी चैंपियनशिप में बहुत अच्छा खेला, हमने राउरकेला आने से पहले अपने सेट-अप और पेनल्टी कॉर्नर पर काम किया और यह हमारे लिए अच्छा रहा कि अंत में हम यहां तक पहुंच गए। हमने जिन भी टीमों के खिलाफ खेला वे अच्छी थीं, लड़कों के लिए यह सीखने का एक शानदार अनुभव रहा।

मोहन बागान ने भारतीय मिडफील्डर थापा के साथ पांच साल का करार किया

कोलकाता, 23 जून। भारतीय मिडफील्डर अनिरुद्ध थापा के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम मोहन बागान सुपर जायंट्स ने पांच साल का करार किया है। पच्चीस साल का यह फुटबॉल खिलाड़ी इससे पहले सात साल तक दो बार की आईएसएल चैम्पियन चेन्नइयिन एफसी की टीम का अहम सदस्य था। क्लब ने ट्रांसफर शुल्क का खुलासा किए बिना कहा, '' भारतीय टीम के प्रमुख मिडफील्डरों में से एक अनिरुद्ध थापा अब मोहन बागान सुपर जायंट्स की जर्सी में नजर आएंगे। क्लब ने इस खिलाड़ी के साथ पांच साल का अनुबंध किया है।'' माना जा रहा है कि यह करार लगभग तीन करोड़ रुपये का है जो किसी भारतीय खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी रकम का करार है। क्लब ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर थापा का एक वीडियो भी जारी किया जिसमें वह सात नंबर के साथ टीम की जर्सी पहने हुए है। थापा ने 2017 में भारत के लिए पदार्पण किया था और वह तभी से राष्ट्रीय टीम के अहम सदस्य है।

पुजारा बाहर, यशस्वी की तपस्या सफल

वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैच और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के यि भारतीय टीम का ऐलान

मुबंई 23 जून। वेस्टइंडीज़ के खिलाफ जुलाई में होने वाली दो टेस्ट मैच और तीन एक दिवसीय मैचों की श्रृखंला के लिये भारतीय टीम का ऐलान शुक्रवार को कर दिया गया। बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह के अनुसार रोहित शर्मा वेस्टइंडीज दौरे में टेस्ट और वनडे सीरीज की कमान संभालेंगे। टेस्ट मैच में अनुभवी चेतेश्वर पुजारा को जगह नहीं मिली है वहीं आंजिक्य रहाणे एक बार फिर उप कप्तान की भूमिका में नजर आयेंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल में 14 और 27 रन बनाने वाले 35 वर्षीय पुजारा की जगह जून में नंबर तीन पर नया बल्लेबाज़ दिखेगा। 2023-25 की डब्ल्यूटीसी चक्र में यह स्थान जायसवाल या गायकवाड़ ले सकते हैं।

पिछले एक साल से लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे यशस्वी जायसवाल की तपस्या सफल हो गयी है। उन्हे इस सीरीज में टेस्ट में पदार्पण करने का मौका मिला है वहीं मुकेश कुमार भी पहली बार टीम में चुने गये हैं। उमेश यादव भी टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं हालांकि केएस भरत बतौर विकेटकीपर बरकरार रहेंगे। वहीं टेस्ट और वनडे दौरे के लिये अनुभवी मोहम्मद शमी को आराम देने की खातिर बाहर रखा गया है। केएल राहुल के चोटिल होने के कारण उनके स्थान पर संजू सैमसन को एक बार फिर वनडे सीरीज़ में मौका मिला है। इस फैसले से भारतीय टीम को विकेटकीपर के तौर पर दो विकल्प मिल गये है क्योंकि इशान किशन भी टीम में शामिल है। पिछले साल अक्तूबर में साउथ अफ्रीका के ख़िलाफ़ एकमात्र वनडे खेलने वाले ऋतुराज गायकवाड़ को भी टीम में चुना गया है। वहीं यशस्वी जायसवाल ने मुंबई के लिए खेलते हुए 26 प्रथम श्रेणी मैचों में 80.21 की औसत से रन बनाए हैं। अपने पिछले प्रथम श्रेणी मैच ईरानी कप में उन्होंने शेष एकादश के लिए खेलते हुए मध्य प्रदेश के ख़िलाफ़ दो पारियों में 213 और 144 रन बनाए थे। दोनों पारियों का यह कुल स्कोर ईरानी कप में किसी बल्लेबाज़ द्वारा बनाया गया सबसे अधिक स्कोर है।

मुकेश कुमार बंगाल के लिए खेलते हैं और 30 वर्ष के तेज़ गेंदबाज़ को उनकी लाइन और लेंथ के लिए जाना जाता है। बंगाल की टीम जो पिछले तीन में से दो रणजी ट्रॉफ़ी फ़ाइनल खेली है उसमें मुकेश का अहम योगदान रहा है। वह टेस्ट रडार पर थे और पिछले दो सीज़न में हर भारत ए के दौरे की टीम में शामिल थे। उनक नाम 39 प्रथम श्रेणी मैचों में 149 विकेट हैं। पिछली बार ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ वनडे टीम का हिस्सा रहे राहुल और शमी के अलावा वॉशिंगटन सुंदर भी इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। गायकवाड़, रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बाद रिज़र्व ओपनर के तौर पर चुने गए हैं। विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या (उप कप्तान) टीम के मध्य क्रम के बल्लेबाज़ होंगे जबकि मोहम्मद सिराज के साथ तेज़ गेंदबाज़ी की कमान जयदेव उनादकट, मुकेश और उमरान मलिक निभाएंगे।

भारत को वेस्टइंडीज़ के दौरे पर अपना पहला टेस्ट डोमिनिका में 12 जुलाई से खेलना है। इसके बाद 20 जुलाई से पोर्ट ऑफ़ स्पेन में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। भारत ने 2019 में अपनी इस दौरे पर पिछली टेस्ट सीरीज़ 2-0 से जीती थी।भारतीय टीम मौजूदा दौरे में अपना पहला एक दिवसीय मैच 27 जुलाई से केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में खेलेगी जबकि दूसरा वन डे केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस और तीसरा वनडे एक अगस्त को ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद में खेला जायेगा।

टीम इस प्रकार है

वनडे के लिये : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जाडेजा, अक्षर पटेल, युज़वेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

टेस्ट टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे (उप कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल, केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जाडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, इशान किशन (विकेटकीपर), नवदीप सैनी।

एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम तैयार

स्पोर्ट्सलैण्ड सुगो 23 जून। एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) के दूसरे राउण्ड में दमदार प्रदर्शन करने के बाद आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम इस सप्ताह के अन्त में तीसरे राउण्ड में स्पोर्ट्सलेण्ड सुगो इंटरनेशनल सर्किट (जापान) पर शानदार परफोर्मेन्स के लिए तैयार है। सीज़न के बीच, होण्डा रेसिंग इंडिया ने दूसरे राउण्ड के समापन के साथ अब तक 2023 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) में कुल 11 पॉइन्ट्स स्कोर किए हैं और एशिया प्रोडक्शन 250 सीसी (एपी250सीसी) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए तैयार है।

आगामी राउण्ड के बारे में बात करते हुए योगेश माथुर, डायरेक्टर सेल्स एण्ड मार्केटिंग, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ''हम जापान में एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के आगामी तीसरे राउण्ड के लिए तैयार हैं, मुझे विश्वास है कि हमारी आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम इस राउण्ड में सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए अपनी पॉज़िशन में सुधार लेकर आएगी। हालांकि स्पोर्ट्सलैण्ड सुगो इंटरनेशनल सर्किट हमारे राइडरों के लिए नया है, लेकिन टीम के अथक प्रयास निश्चित रूप से हमें अच्छे परिणाम देंगे। इसके अलावा हम अपने राइडरों को पूरा सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे उत्कृष्ट परफोर्मेन्स दे सकें और इस प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में अपनी विशेष छाप छोड़ सकें। हमें उम्मीद है कि इस सप्ताहान्त जापान में उनका पावर-पैक्ड परफोर्मेन्स देखने को मिलेगा।''

स्टिमक एक मैच के प्रतिबंध के बाद कुवैत के खिलाफ वापसी करेंगे

बेंगलुरु, 23 जून। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक सैफ चैम्पियनशिप में एक मैच के प्रतिबंध के बाद मंगलवार को कुवैत के खिलाफ मैच में 'डगआउट' में दिखायी देंगे। सैफ चैम्पियनशिप के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में स्टिमक को लाल कार्ड दिखाया गया था जिससे उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा था।

दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) के महासचिव अनवारुल हक ने कहा कि स्टिमक का अपराध इतना गंभीर नहीं था कि उन पर एक मैच से ज्यादा का प्रतिबंध लगे और इसे आगे की कार्रवाई के लिए सैफ की अनुशासनात्मक समिति को नहीं भेजा जायेगा। उन्होंने गुरुवार को ढाका से कहा, '' उन पर (स्टिमक) एक मैच का प्रतिबंध लगेगा, इससे ज्यादा नहीं।''

उन्होंने कहा कि रैफरी और मैच आयुक्त की रिपोर्ट में मैच के दौरान हुई इस घटना का जिक्र किया था जिसमें स्टिमक को खेल के मैदान से बाहर कर दिया गया था लेकिन इसे सैफ अनुशासनात्मक समिति के पास नहीं भेजा जायेगा। हक ने कहा, ''यह (उल्लंघन) इतना गंभीर नहीं था कि इसे अनुशासनात्मक समिति को (कड़ी सजा के लिए) भेजा जाये। किसी खिलाड़ी या कोच को लाल कार्ड दिखाने से आमतौर पर एक मैच का प्रतिबंध लगाता है लेकिन उल्लंघन गंभीर हो तो इसमें सजा चार मैच के निलंबन तक पहुंच सकती है।

जूनियर महिला हॉकी विश्व कप : भारत की पहले मैच में कनाडा से भिड़ंत

नई दिल्ली, 23 जून। भारत की जूनियर महिला हाकी टीम 29 नवंबर से शुरू होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023 में कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। आयोजन समिति ने गुरुवार रात को चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के लिए पूल और कार्यक्रम की घोषणा की।

प्रतिष्ठित आयोजन से पहले एफआईएच ने नई जूनियर महिला विश्व रैंकिंग का भी खुलासा किया, जिसके अनुसार भारत छठे स्थान पर है, जबकि नीदरलैंड पहले स्थान पर है। इस बीच, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। गौरतलब है कि कॉन्टिनेंटल रैंकिंग में भारत शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है। भारतीय टीम को बेल्जियम, कनाडा और जर्मनी के साथ पूल सी में रखा गया है। भारत एक दिसंबर को जर्मनी से भिड़ने से पहले 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। अपने तीसरे और आखिरी पूल गेम में भारतीय टीम दो दिसंबर को बेल्जियम से भिड़ेगी।

हाल ही में जापान में महिला जूनियर एशिया कप 2023 जीतने के बाद, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आत्मविश्वास के साथ एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप 2023 में प्रवेश करेगी और टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार ट्रॉफी हासिल करने का लक्ष्य रखेगी। ज्ञातव्य है कि एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के पिछले संस्करण में भारत भारत कांस्य पदक जीतने के करीब पहुंच गया था, लेकिन तीसरे स्थान के मैच में इंग्लैंड से 2(0)-2(3) से हार गया।

पूल्स के खुलासे पर बोलते हुए, महिला जूनियर एशिया कप 2023 की विजेता कप्तान प्रीति ने कहा, हम विश्व कप के लिए पूल्स का अनावरण देखकर रोमांचित हैं। यह हमारी टीम के लिए एक रोमांचक क्षण है क्योंकि हम कुछ सर्वश्रेष्ठ जूनियर टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। हम जानते हैं कि प्रत्येक पूल में हमें एक नयी प्रतिभाशाली चुनौती कस सामना करना पड़ेगा, लेकिन हम इसे वैश्विक मंच पर अपने कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क को प्रदर्शित करने के अवसर के रूप में देखते हैं। हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है और हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।

इस बीच, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, एशिया कप जीतने के बाद टीम आत्मविश्वास से लबरेज है। विश्व कप कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हमें दुनिया भर की मजबूत टीमों का सामना करना पड़ेगा। टूर्नामेंट का प्रत्येक मैच हमारे कौशल, टीम वर्क और लचीलेपन की परीक्षा लेगा।

भारतीय टीम में वापसी के बाद सैनी के लिए वॉर्सेस्टशर का प्रतिनिधित्व करना मुश्किल होगा

लंदन, 23 जून। भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करने वाले नवदीप सैनी जुलाई महीने में अपनी इंग्लिश काउंटी टीम वॉर्सेस्टरशर के लिए तीन मैचों में नहीं खेलेंगे क्योंकि यह वेस्टइंडीज में टेस्ट श्रृंखला की तारीखों से टकरा रहा है। भारत 12 से 16 जुलाई तक डोमिनिका में अपना पहला टेस्ट मैच खेलेगा जबकि दूसरा और अंतिम मैच 20 से 24 जुलाई तक जमैका में होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, '' काउंटी क्रिकेट में किसी भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के लिए हमेशा एक शर्त होती है कि राष्ट्रीय टीम में चयन होने पर काउंटी टीम को उसे रिलीज करना पड़ता है। ऐसे में वॉर्सेस्टरशर उस समय के दौरान सैनी की सेवाओं का लाभ नहीं उठा पाएगा।''

वॉर्सेस्टरशर ने शुक्रवार को ही सैनी के साथ करार की घोषणा करते हुए कहा था कि वह जुलाई के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे और वह उनके दूसरे विदेशी खिलाड़ी होंगे। तीस साल के सैनी रविवार को डर्बीशर के खिलाफ होने वाले मुकाबले में वॉर्सेस्टरशर के प्रतिनिधित्व के लिए तैयार हैं। क्लब से जारी बयान के मुताबिक, वॉर्सेस्टरशर ने जुलाई के अंत तक चार मैचों के लिए 'एलवी इंश्योरेंस काउंटी चैम्पियनशिप' में अपने दूसरे विदेशी खिलाड़ी के रूप में भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी के साथ करार किया है।'' भारतीय टीम में वापसी के बाद सैनी वॉर्सेस्टरशर के लिए 10 से 13 जुलाई तक यॉर्कशर, 19 से 22 जुलाई तक लीसेस्टरशर और 26 से 29 जुलाई तक ग्लॉस्टरशर के खिलाफ मुकाबलों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने तब चैम्पियनशिप के दो मैचों में 11 विकेट लिये थे।

विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के लिए टीम में जगह बनाने पर लगी शीर्ष निशानेबाजों की निगाहें

नयी दिल्ली, 23 जून। देश के 400 से ज्यादा शीर्ष राइफल और पिस्टल निशानेबाज 24 से 30 जून तक ग्रुप ए राष्ट्रीय चयन ट्रायल पांच एवं छह में हिस्सा लेंगे जो आगामी विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के लिए टीम चयन से पहले अंतिम टूर्नामेंट होगा। रविवार को प्रतिस्पर्धा शुरू होगी जबकि शनिवार को निशानेबाज अभ्यास करेंगे। सीनियर और जूनियर वर्गों में छह छह फाइनल होंगे।

शीर्ष भारतीय निशानेबाजों में राही सरनोबत, अंजुम मौदगिल, मनु भाकर, रूद्रांक्ष पाटिल, ऐश्वर्य तोमर, दिव्यांश पंवार, ह्रदय हजारिका, मेहुली घोष, इलावेनिल वलारिवान, ईशा सिंह, सरबजोत सिंह, रिदम सांगवान और दिव्या टी एस सहित अन्य निशानेबाजों के डा कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद है।

अगस्त में बाकू विश्व चैम्पियनशिप में 2024 ओलंपिक के लिए 48 कोटा स्थान दाव पर होंगे। एशियाई खेलों (23 सितंबर से आठ अक्टूबर) के बाद कोरिया के चांगवोन में अक्टूबर में एशियाई चैम्पियनशिप भी होनी है जिसमें 24 ओलंपिक कोटा स्थान दिये जायेंगे। भारत ने अभी तक तीन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर लिये हैं जो भोवनीश मेंदीरत्त (पुरुष ट्रैप), रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल (10 मीटर एयर राइफल पुरुष) और स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल थ्री पाजिशंस पुरुष) ने पिछले साल कैरो में हुई विश्व चैम्पियनशिप में जीते थे।

मैकुलम से पहले इंग्लैंड के कोच पद के लिए मुझसे संपर्क किया गया था : रिकी पोंटिंग

लंदन, 23 जून। ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि पिछले साल ब्रैंडन मैकुलम के पदभार संभालने से पहले इंग्लैंड टेस्ट टीम के साथ कोच की भूमिका के लिए उनसे संपर्क किया गया था। पिछले साल एशेज में 0-4 की शर्मनाक हार के बाद इंग्लैंड की पुरुष टीम की संरचना में बड़े पैमाने पर बदलाव किया गया था। क्रिस सिल्वरवुड की जगह मैकुलम और मैथ्यू मॉट को क्रमशः टेस्ट और सीमित ओवरों की टीम का कोच बनाया गया।

इस हार के बाद टेस्ट कप्तान जो रूट ने भी कप्तानी छोड़ दी, जबकि बल्लेबाजी सलाहकार ठाहम थोर्प और टीम के प्रबंध निदेशक एशले जाइल्स को भी अपनी नौकरी गंवानी पड़ी। पोंटिंग ने कहा कि उनसे रॉबर्ट की ने संपर्क किया था। रॉबर्ट को तब इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के पुरुष क्रिकेट के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

पोंटिंग ने 'गुरिल्ला क्रिकेट पॉडकास्ट' को बताया, '' मैकुलम के कार्यभार संभालने से पहले मुझसे वास्तव में पूछा गया था। रॉबर्ट ने अपना कार्यभार संभालने के बाद मुझे फोन कॉल किया था।'' पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग की टीम दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हैं। उन्होंने उस समय पूर्णकालिक कोच बनने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था क्योंकि वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहते हैं।

पोंटिंग ने कहा, '' मैं अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ पूर्णकालिक कोच की भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं हूं। मेरे बच्चे अभी छोटे है और मैं उनसे ज्यादा समय तक दूर नहीं रहना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, '' ब्रैंडन (मैकुलम) की बात करें तो उनका परिवार आज ही आ रहा है। जब आपके बच्चे स्कूल में हों तो आप ज्यादा यात्रा नहीं कर सकते।''

इंग्लैंड ने दूसरे एशेज टेस्ट के लिए युवा स्पिनर रेहान अहमद को टीम में शामिल किया

लंदन, 23 जून। इंग्लैंड ने शुक्रवार को 18 वर्षीय लेग स्पिनर रेहान अहमद को एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया क्योंकि मोईन अली की चोटिल ऊंगली को लेकर चिंता बनी हुई है। आस्ट्रेलिया मंगलवार को एजबेस्टन में पहले टेस्ट में दो विकेट की जीत के बाद पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट बुधवार से लार्ड्स में शुरु होगा। हालांकि 36 वर्षीय अली के समय पर उबरने की उम्मीद है।

प्रणय ताइपे ओपन के क्वार्टरफाइनल में हारे

ताइपे, 23 जून। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय को शुक्रवार को यहां क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के निग का लोंग एंगस से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा जिससे ताइपे ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में देश का अभियान भी समाप्त हो गया।

भारत की नजरें नेपाल को हराकर सैफ चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने पर

बेंगलुरु, 23 जून। पाकिस्तान को 4-0 की करारी शिकस्त देकर सैफ चैम्पियनशिप फुटबॉल में शानदार शुरुआत करने वाली भारतीय टीम शनिवार को यहां जब नेपाल के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ सेमीफाइनल का टिकट पक्का करने पर होगी।

कागजों पर भारतीय टीम नेपाल से मजबूत नजर आती है और दोनो टीमों के बीच अब तक खेले गये 23 मैचों में भारत ने 16 में जीत दर्ज की है। नेपाल महज दो मुकाबले जीतने में सफल रहा है जबकि पांच मैच बराबरी पर छूटे है। दोनों टीमों के बीच पिछला मुकाबला 2021 सैफ चैम्पियनशिप में खेला गया था जिसे भारतीय टीम ने 3-0 से जीता था। इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों के नौ मैचों में भारत ने छह जबकि नेपाल ने दो मैच जीते है। इंटरकांटिनेंटल कप के फाइनल में लेबनान पर 2-0 की जीत के साथ पहुंचे भारतीय टीम के लिए कप्तान सुनील छेत्री का लय में होना शानदार है।

ईशान पंडिता चोट के कारण टीम के साथ नहीं है और अठिाम पंक्ति की इस खिलाड़ी की गैरमौजूदगी को छेत्री ने महसूस नहीं होने दिया है। भारत को मुख्य कोच इगोर स्टिमक की सेवाएं नहीं मिलेंगी। पाकिस्तान पर भारत की 4-0 की जीत के दौरान उन्हें लाल कार्ड दिखाया गया था। ऐसे में सहायक कोच महेश गवली डग आउट में टीम की कमान संभालेंगे। नेपाल अपने शुरुआती मैच में कुवैत से 1-3 से हार गया और उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए भारत के खिलाफ सकारात्मक परिणाम की जरूरत होगी। भारतीय टीम को नेपाल के मिडफील्डर रोहित चंद और अठिाम पंक्ति के खिलाफ अंजन बिस्टा से सतर्क रहना होगा।

चंद इंडोनेशिया में क्लब स्तर का फुटबॉल खेलते है। नेपाल के कोच विनसेंजा अल्बर्ट एनेसी भारतीय फुटबॉल से परिचित हैं क्योंकि उन्होंने आई-लीग विजेता टीम गोकुलम केरला एफसी के प्रबंधक के रूप में काम किया है। भारतीय खेमा नेपाल की ताकत से परिचित है और सहायक कोच गवली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद कहा था, '' वे (नेपाल) एक अच्छी टीम है और उन्होंने कुवैत के खिलाफ बहुत अच्छा खेल खेला। यह हमारे लिए बहुत कठिन मैच होगा।'' ठ्रुप के एक अन्य मुकाबले में पाकिस्तान का सामना कुवैत से होगा। सैफ चैम्पियनशिप में शनिवार के मैच पाकिस्तान बनाम कुवैत : शाम 03:30 बजे से भारत बनाम नेपाल : शाम 07:30 बजे से।

कई पहलवानों के कोच और अभिभावकों ने छह पहलवानों को दी गयी छूट वापस लेने की मांग

नयी दिल्ली, 23 जून। कई स्थापित और उभरते हुए पहलवानों के कोच और उनके माता-पिता ने विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और तीन अन्य पहलवानों को एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के लिए होने वाले ट्रायल से दी गई छूट वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि इन महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए पहलवानों का चयन निष्पक्ष होना चाहिए। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) तदर्थ समिति इन छह पहलवानों को फायदा पहुंचाने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है जिसमें बजरंग की पत्नी संगीता फोगाट, साक्षी के पति सत्यव्रत कादियान और जितेंद्र किन्हा भी शामिल हैं। ये छह पहलवान भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कई महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ धरने पर बैठे थे। उभरते पहलवान सुजीत के कोच दयानंद कलकल, युवा अंशु मलिक और सोनम मलिक के पिता तथा अंडर -20 विश्व चैम्पियन महिला पहलवान अंतिम पंघाल के कोच विकास भारद्वाज ने आईओए पैनल के फैसले की निंदा की। सुजीत 65 किग्रा में बजरंग के प्रतिद्वंद्वी के रूप में दिखायी दे रहे हैं। कलकल ने कहा, ''मैंने भूपेंदर सिंह बाजवा (डब्ल्यूएफआई तदर्थ पैनल के प्रमुख) से बात की और उन्हें बताया कि यह एक सही फैसला नहीं है। ट्रायल्स निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपात के होने चाहिए। उन्होंने मेरी बात सुनी और आश्वासन दिया कि वे इसे वापस ले लेंगे। '' उन्होंने कहा, '' उन्होंने यह भी कहा कि ट्रायल्स 11 जुलाई के चुनाव के बाद नए महासंघ द्वारा आयोजित किए जायेंगे। देखते हैं क्या होता है। '' हालांकि विनेश और बजरंग ने अपने प्रदर्शन से अपनी काबिलियत साबित की है लेकिन कुश्ती जगत को किन्हा, संगीता, साक्षी और उनके पति सत्यव्रत को दी गई छूट से परेशानी हो रही है। महाराष्ट्र के एक पहलवान ने गोपनीयता की शर्त पर पूछा, ''जितेंद्र ने पिछले दो वर्षों में एक भी ट्रायल नहीं जीता है। आप उसे सीधे फाइनल में कैसे डाल सकते हो? '' साक्षी को हाल के दिनों में 62 किग्रा के कई ट्रायल में सोनम मलिक को हराने के लिए संघ